भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2287
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन योजनाओं के लिए धनराशि**

**†2287. श्री ए. राजाः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु राज्य, विशेषकर ऊटी, कोयम्बटूर, पेरम्बलूर, त्रिची और कल्लाकुरिची जिलों, जहां समृद्ध और प्रचुर पर्यटन स्थल तथा इको टूरिज्म के स्थल उपलब्ध हैं, को सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) पर्यटन अवसंरचना में सुधार करने के लिए सतत और उत्तरदायित्व केन्द्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए उक्त राज्य में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं को देखते हुए उक्त राज्य के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत और अधिक धनराशि आवंटित की जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों में पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

तमिलनाडु राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से हाल ही में स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है। इस योजना के तहत मंत्रालय ने तमिलनाडु के

मामल्लापुरम में 30.02 करोड़ रुपये की लागत से 'शोर टेंपल में इमर्सिव एक्सपीरियंस' परियोजना को मंजूरी दी है।

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेलों/उत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी तमिलनाडु राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। पिछले पांच वर्षों में तमिलनाडु राज्य के लिए स्वीकृत निधियों का ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता हेतु समय-समय पर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन इन प्रस्तावों को परियोजनाओं का रूप दिया जाता है।

*****

**अनुबंध-I**

श्री ए. राजा द्वारा पर्यटन योजनाओं के लिए धनराशि के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2287 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना**

**(करोड़ रुपए में)**

| **क्र.सं.** | **परिपथ/स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ 2016-17 | चेन्नई - मामल्लपुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी - का विकास | 73.13 | 71.03 |

**प्रशाद योजना**

**(करोड़ रुपए में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत लागत** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| 2. | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |

**पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना**

**(करोड़ रुपए में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **केंद्रीय एजेंसी** | **स्वीकृति का वर्ष** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चेन्नई पत्तन पर मौजूदा यात्री टमनल में क्रूज यात्री सुविधा केन्द्र | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 2012-13 | 17.25 | 17.25 |
| 2. | रामेश्वरम रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 2017-18 | 4.70 | 3.76 |
| 3. | मदुरै रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 2018-19 | 4.48 | 3.56 |

*****

**अनुबंध-II**

श्री ए. राजा द्वारा पर्यटन योजनाओं के लिए धनराशि के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2287 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**पिछले पांच वर्षों में मेलों और उत्सवों तथा पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए तमिलनाडु सरकार को वित्तीय सहायता:**

**(लाख रुपए में)**

| **क्र.सं.** | **वर्ष** | **मेलों और त्यौहारों का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2019-20 | भारतीय नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| 2 | 2019-20 | कुमारी महोत्सव | 10.00 | 10.00 |
| 3 | 2019-20 | पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| 4 | 2021-22 | मामल्लपुरम में इंडिया डांस फेस्टिवल | 25.00 | 25.00 |
| 5 | 2022-23 | मामल्लपुरम में इंडिया डांस फेस्टिवल | 25.00 | 25.00 |

*****